Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 04-05-2022 | अंक 215

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## सड़क दुर्घटना में तीन बाइक सवार घायल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



तिलैया से बरही अपने दोस्त से मिलने आ रहे एक बाइक पर सवार तीन लोग सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। तीनो को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद छुटी दे दिया गया।

## बीडीओ ने बुधवार को विभिन्न क्लस्टर बूथों का किया निरीक्षण, दिए कई दिशा निर्देश

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने बुधवार को प्रखंड के विभिन्न क्लस्टर एवं बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मूलभूत सुविधाओं को पूरा करने का निर्देश दिया निरीक्षण किए गए बूथ वा क्लस्टर में बरसोत, मध्य विद्यालय महुगढ़ा, मध्य विद्यालय बिजैया एवं मलकोको में निरीक्षण किया। साथ ही साथ उन्होंने निरीक्षण में बूथों में पेयजल की व्यवस्था, शौचालय, लाइट, सुरक्षा, पोलिंग एजेंटो को बैठने की व्यवस्था , वोट डालने की जगह समेत अन्य चीजों की बारीकी से जानकारी ली। मौके पर जे पी एस सावना मांझी समेत अन्य लोग मोजूद थे।

## चाणक्य आईएएस एकेडमी में निः शुल्क मॉक इंटरव्यू की शुरुआत 5 मई से

### देश के जाने–माने शिक्षाविद्, वरिष्ठ आईएएस, आईपीएस अधिकारी व सुप्रीम कोर्ट के जज मॉक इंटरव्यू पैनल में रहेंगे शामिल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**





हजारीबाग। 7वीं जेपीएससी मेंस के परिणाम आने के बाद अभ्यर्थी साक्षात्कार को लेकर गंभीर हो गए हैं। बता दें कि बड़ी संख्या में 7वीं जेपीएससी मेंस में चाणक्य आईएएस एकेडमी से भी विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है। साक्षात्कार की महत्ता को लेकर चाणक्य आईएएस एकेडमी ने सभी अभ्यर्थियों के लिए निरूशुल्क मॉक इंटरव्यू की शुरुआत आगामी 5 मई से करने जा रही है, जिसमें इच्छुक अभ्यर्थी पंजियन कराकर निरू शुल्क मॉक इंटरव्यू में शामिल हो सकते हैं। उक्त जानकारी चाणक्य आईएएस एकेडमी के फाउंडर चेयरमैन व सक्सेस गुरू एके मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि यूपीएससी के पैनल में बैठने देश के जाने–माने शिक्षाविद्, वरिष्ठ आईएएस व आईपीएस अधिकारी व सुप्रीम कोर्ट के जज मॉक इंटरव्यू में शामिल रहेंगे। साथ ही मॉक इंटरव्यू के दौरान ड्रेस कोड, सवालों के पैटर्न समेत अन्य बारीकियों को विशेष तौर पर अभ्यर्थियों को अवगत कराया जाएगा ताकि साक्षात्कार में सफलता प्राप्त कर सपनों को हकीकत में तब्दील किया जा सके। वहीं चाणक्य आईएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने बताया कि झारखंड में चाणक्य आईएएस एकेडमी के रांची शाखा व हजारीबाग शाखा में 7वीं जेपीएससी मेंस में सफल अभ्यर्थियों के लिए निरू शुल्क मॉक इंटरव्यू की व्यवस्था की गई है। इच्छुक विद्यार्थी रांची में 7303763217, हजारीबाग में 7303763225 व धनबाद में 7303763219 पर संपर्क कर निरू शुल्क मॉक इंटरव्यू के लिए रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

APEM LIVE






आपका साथ और हमारा प्रयास — मिलकर करेंगे क्षेत्र का विकास

## बरही पश्चिमी से — पंचायत समिति पद

के लिए कर्मठ,जुझारू,समाजसेवी, प्रखर वक्ता,शिक्षित, युवा उम्मीदवार

## कपिल प्रसाद केशरी



का चुनाव चिन्ह **बेबी वॉकर** छाप

क्रम सं. 2

### मत - पत्र का नमूना

| क्रम सं. | प्रत्याशी का नाम | चुनाव चिन्ह |
|---|---|---|
| 1. | | |
| 2. | कपिल प्रसाद केशरी | (बेबी वॉकर) |
| 3. | | |
| 4. | | |

पर मुहर लगा कर भारी मतों से विजयी बनाएं

निवेदक - बरही पश्चिमी मतदातागण

आपका साथ और हमारा प्रयास — मिलकर करेंगे क्षेत्र का विकास

## बरही पश्चिमी भाग 4 से — जिला परिषद पद

के लिए कर्मठ,जुझारू,शिक्षित, युवा, समाजसेवी महिला उम्मीदवार

## श्रीमती कुंती देवी



का चुनाव चिन्ह **टेम्पो** छाप

क्रम सं. 2

### मत - पत्र का नमूना

| क्रम सं. | प्रत्याशी का नाम | चुनाव चिन्ह |
|---|---|---|
| 1. | | |
| 2. | श्रीमती कुंती देवी | (टेम्पो) |
| 3. | | |
| 4. | | |

पर मुहर लगा कर भारी मतों से विजयी बनाएं

निवेदक - तापेश्वर प्रसाद सामाजिक कार्यकर्ता

## सिंघरावाँ पंचायत से मुखिया पद के लिए

युवा, योग्य,कर्मठ , संघर्षशील एवं शिक्षित **मुखिया** प्रत्याशी

## शहजाद खान



चुनाव चिन्ह **चक्की छाप**

क्र. सं. 12

पर मुहर लगाकर भारी मतों से विजयी बनावें

जनता को है पूरा विश्वास इस बार होगा क्षेत्र का विकास

## कोनरा पंचायत की भावी मुखिया प्रत्याशी

**सैरा खातून** कोनरा पंचायत के विकास के लिए संकल्पित

पंचायत चुनाव

चुनाव चिन्ह



पंचायत चुनाव

चुनाव चिन्ह

## सैरा खातून

### संकल्प पत्र

1. वायदे ही नही विकास का इरादा भी हैं।
2. रियाडा से विस्थापित कोनरा के रैयतों को वाजिब हक दिलाऊँगी।
3. शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण एवं रोजगार उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता रहेगी।
4. सामाजिक सद्भाव, आपसी भाईचारगी हमारी पहचान रहेगी।

सैरा खातून ने ठाना हैं कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना हैं।

हम एक हैं

निवेदक

कोनरा पंचायत की जनता

सच का साथी


# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## विधवा भाभी से विवाह कर रोहित ने समाज के सामने प्रस्तुत किया मिशाल, परिवार जनों का है उस पर गर्व

### कोरोना से रोहित के भाई रविकांत शर्मा का हो चुका है निधन, दो बच्चों को मिला पिता का नाम

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




धनबाद रोड बरही इंटर कॉलेज के पास रहने वाले रो. हित कुमार शर्मा पिता रतन शर्मा ने दो बच्चों की माँ अपनी विधवा भाभी से विवाह कर समाज के सामने आदर्श प्रस्तुत किया है। गौरतलब हो कि पिछले कोरोनकाल में रविकांत शर्मा की असामयिक निधन कोरोना के कारण हो गई थी। दिवंगत रविकांत शर्मा अपने पीछे दो बच्चे एवं अपनी पत्नी को छोड़ गए थे। दोनो बच्चों के सर से पिता का साया हटने, अपनी विधवा भाभी एवं पूरे परिवार के आंखों की मायूसी को पढ़कर रोहित शर्मा ने त्याग एवं इंसानियत का परिचय देते हुए अपनी विधवा भाभी को अपना नाम देना स्वीकार किया और अपने समाज एवं परिवार जनों के समक्ष विधवा भाभी का हाथ थामने का निर्णय लिया। उनके निर्णय का सम्मान करते हुए प्रखंड परिसर स्थित शिव मंदिर प्रांगण में विधि विधान के साथ विवाह का रस्म निभाया गया। दोनो एक दूसरे को माला पहनाकर एक दूजे के साथ साथ निभाने की कसमें खाई। पूरा परिवार मौके पर मौजूद रहे। रोहित शर्मा के नाना रामलखन शर्मा, पिता रतन शर्मा, चाचा अरुण शर्मा, छोटू शर्मा ,पप्पू शर्मा , चन्दन शर्मा एवं कुंदन शर्म, लड़की के पिता रामजी पांडेय सहित कई लोग साक्षी बने। सभी ने वर वधु को आशीर्वाद दिए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बरही पश्चिमी भाग 4 कि जिला परिषद उम्मीदवार संजू देवी का कार्यालय का हुआ शुभ उद्घाटन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही चौक स्थित केसरी मार्केट में बरही पश्चिमी भाग 4 कि जिला परिषद उम्मीदवार संजू देवी के कार्यालय का उद्घाटन भुवनेश्वर साहू, राधा प्रसाद केशरी , नागेश्वर ठाकुर के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। तत्पश्चात संजू देवी व भगवान केशरी जी के द्वारा पूजा-अर्चना किया गया। कार्यालय खोलने का मुख्य उद्देश्य संजू देवी को जीत दिलाने के लिए चर्चा - परिचर्चा करने एवं हो रहे कार्यो कि समीक्षा करने तथा अगले दिन के कार्यक्रम को बनाने के लिए किया गया है। उद्घाटन समारोह में पंकज वर्णवाल, अभय कतरियार, गोपाल घोष, अशोक केशरी, संजय मधेशिया, राजेश केशरी, राजू चंद्रवंशी, अवधेश सिंह, बलराम केशरी, उमेश केशरी, महेंद्र केशरी, बिनोद केशरी, सोनू केशरी, आशीष केशरी, जयराम केशरी, राहुल केशरी, रितेश केशरी, राजेश केशरी, संतोष केशरी, मिटकू केशरी, अजय केशरी, राजेश केशरी, किशोर सिंह, संतोष केशरी, बिनोद गुप्ता, महेंद्र केशरी, बजरंगी केशरी, नवल केशरी, दिनेश केशरी, जयंत केशरी, महताब अली, अनुज रविदास, दीपक सोनी, आशुतोष कुमार, अमित केशरी, राहुल केशरी, अभिषेक केशरी, शिवम केशरी, सुकृति केशरी आदि सैकड़ों लोग उपस्थित हुए।

## ग्रामीणों के सहयोग से गिरा हुआ पोल खड़ा कर किया गया बिजली बहाल

### चार दिनों बाद तीन गांवो में हुआ बिजली बहाल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



दुलमहा पंचायत के चन्दन नगर में आंधी तूफान से 11000 वॉल्ट वाला तार एवं पोल उखड़ जाने के वजह से बाधित बिजली को ग्रामीणों के सहयोग से बहाल किया गया। मुखिया प्रत्याशी बा. सुदेव पंडित ने ग्रामीणों के सहयोग से पहले गिरा हुआ पोल को खड़ा किया। उसके बाद 11000 वाल्ट का तार को जोड़ कर बाधित बिजली आपूर्ति को चालू कराया। ज्ञात हो कि चार दिन पहले आई आंधी तूफान से 11000 व०ल्ट का तार एवं पोल गिर जाने से दुलमहा के चन्दन नगर, शिवपुर, बूढ़ी डीह आदि गांवों में बिजली आपूर्ति ठप हो गया था। तीन दिनों तक बिजली विभाग के द्वारा कोई कार्रवाई नही होने पर बासुदेव पण्डित ने बिजली विभाग एवं ग्रामीणों के सहयोग से बिजली आपूर्ति बहाल किया गया। इस कार्य मे सहयोग करने वालो में मुख्य रूप से दुलमाहा पंचायत के मुखिया प्रत्यासी बासुदेव पंडित, डमर पंडित, मनोज राणा,अनिल कुमार,पवन कुमार, रामचंद्र कुमार रविदास,अमित कुमार, रोहित पंडित, बिजली मिस्त्री प्रदीप कुमार आदि लोग शामिल थे।

## कुंती देवी के पक्ष में तापेश्वर प्रसाद ने लसकरी में चलाया जन सम्पर्क, युवाओं एवं महिलाओं का मिला आपार समर्थन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**





बरही पश्चिमी पंचायत के जीप प्रत्याशी कुंती देवी के पक्ष में समाजसेवी तापेश्वर प्रसाद ने बुधवार को रसोइया धमना पंचायत के विभिन्न गांवो का दौरा किया । जिसमे रसोइया धमना,बेन्दगी, छोटकी बरही एवं लश्करी गांव शामिल है। वहीं उन्होंने लसकरी के युवाओं से मिलकर उनकी समस्या जानी तत्पश्चात लसकरी में उन्होंने डोर टू डोर जाकर कुंती देवी के लिए समर्थन मांगा। कहा कि कुंती देवी बरही पश्चिमी भाग के विकास के विजन के साथ चुनाव मैदान में आई है। शिक्षा ,स्वास्थ्य , सड़क, बिजली आपूर्ति की व्यवस्था के साथ साथ किसान के खेत तक सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने मतदाताओ से क्रम संख्या 02 पर टेम्पो छाप पर मुहर लगाकर विजयी बनाने की अपील की। वहीं मौके पर मौजूद महिलाएं एवं युवा ने उन्हें समर्थन देने का आश्वासन दिया। मौके पर गुलाब कुमार, नसीम अंसारी, डब्लू सिंह, दुर्गा कुमार, पिंटू कुमार, पवन कुमार, सागिर अंसारी, सुजल कुमार, महादेव कुमार, शकलैन अंसारी, केदार रजक, मंटू रजक सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## पंचायत चुनाव में महिला प्रत्याशियों के पति निभा रहे है अहम भूमिका : सुषमा विश्वकर्मा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही अभी पंचायत चुनाव की गर्माहट हर क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। ऐसे में सुषमा विश्वकर्मा (रिंकी ) अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा है लोग अपनी अपनी वादे बहुत बढ़ चढ़कर पेश कर रहे हैं। यह चीजें हर तरफ देखने को मिल रहा है। मानो ऐ हर क्षेत्र की तस्वीर ही बदल देंगे। ऐसे में सुषमा विश्वकर्मा ने लोगों से अपील किया है कि अपने मत का चुनाव किसी के दबाव में आकर ना करें। साथ ही उन्होंने कहा है कि पंचायत चुनाव में अभी अधिकांश मौके पर देखा जा रहा है कि महिला प्रत्याशियों के पति ही मोर्चा संभाल रहे है। यहां तक कि पंचायत में होने वाले कार्य से लेकर पंचायत की बैठक या किसी सामाजिक कार्य में पति ही हिस्सेदारी ले रहे हैं पत्नी की जगह खुद माला पहन कर कई बैठक संभाल रहे हैं। जनता भी बढ़-चढ़कर मुखिया पति, जिला परिषद पत्नी इत्यादि को ही माला पहना कर पति का हौसला बढ़ा रही है। और पत्नी को अपाहिज कर रही है। कई पंचायतों में तो जो भी महिला मुखिया, जिला परिषद या अन्य बहुत सी जगह पर पदस्थापित है या पद स्थापित करने वाले हैं जो केवल नाम के लिए हैं। काम तो पति संभाल रहे हैं। पंचायत में होने वाले कार्य से लेकर पंचायत की बैठक या किसी अन्य सामाजिक कार्य पति हिस्सेदारी ले रहे हैं। ऐसे मामलों में पंचायती राज एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। कई पंचायतों में तो महिलाएं काफी जागरूक है अपना काम खुद संभाल रहे हैं। इसलिए मैं लोगों से अपील करना चाहती हूं कि अपना मत किसी के बहकावे में आकर ना दे एक पढ़े लिखे और योग्य उम्मीदवार को ही अपना वोट दें। ताकि हर तरफ विकास की नदी बहे । मैं क्षेत्र के लोगों से करजोड़कर प्रार्थना करती हूं।




APEM LIVE




# जीप प्रत्याशी बिमला देवी के समर्थन में रामचन्द्र यादव ने चलाया जन सम्पर्क

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



जिला परिषद मध्य भाग के प्रत्याशी बिमला देवी के समर्थन में समा. जसेवी रामचन्द्र यादव ने पंचमाधव पंचायत के धोबियाडीह एवं कोल्हुकला के चँदाबीघा में चुनावी बैठक की । बैठक में चुनाव पर चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए रामचन्द्र यादव ने कहा कि पिछले 7 साल में विकास का कोई काम नही हुआ। यही कारण है कि पूर्व के जीप सदस्या से ग्रामीणों की गहरी नाराजगी है। सभी ने बिमला देवी को समर्थन करने की बात कही।मौके पर राहुल कुमार, देवराज ,मोती रजक, बजरंगी राजक,कृष्णा रजक ,भोला राजक, संजय रजक आदि मौजूद रहे। वही कोलहुवा कला के ग्राम चंदा बीघा में महिलाएं एवं नौजवान साथियों को संबोधित करते हुए वहां की आम जनता ने एक ही स्वर में कहा कि हम लोग का गांव प्रखंड मुख्यालय से कोसों दूर है। जिसके चलते अभी तक यह गांव विकास के नाम से उपेक्षित रहा है। हम लोगों ने जनप्रतिनिधियों को मदद करते हैं ।कुर्सी पर बैठाने का काम करते हैं। लेकिन वह भूल जाते इस गांव में पानी बिजली की समस्या है ।लेकिन कोई भी प्रतिनिधि इसका सुध लेने वाला नहीं है । वर्तमान जिला परिषद से लोग काफी नाखुश हैं। वैसे परिस्थिति में महिलाओं ने संकल्प लिया कि हम लोग परिवर्तन करना चाहते हैं और विमला देवी को जो बरही मध्य भाग 5 से खड़ी है ।उनको पूर्ण बहुमत देकर विजयी बनाने का संकल्प लिए। मौके पर शीला देवी, अनीता देवी, बसंती देवी, सकरी देवी ,मालती देवी, सुनैना देवी ,रीना देवी, गीता देवी एवं अन्य युवा वर्ग उपस्थित थे।

# एक्सिस बैंक का एटीएम खोलते युवक पकड़ाया, पुलिस को सौंपा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही गया रोड स्थित एक्सिस बैंक का एटीएम पेचकस से खोलते एक युवक को स्थानीय लोगों ने पकड़ा और युवक को पुलिस को सौप दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि एक युवक पेचकस से एटीएम खोलने का प्रयास कर रहा था। तभी किसी की नजर उस पर पड़ी और उन्होंने एटीएम का शटर बन्द कर पुलिस को खबर की। मौके पर एएसआई सुनील तिवारी पहुंचे और उसे हिरासत में लेकर थाना ले गए। पुलिस उक्त युवक से पूछ ताछ कर रही है।












सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर
















सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर













# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर















सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर















# भक्ति जागरण से समाज में होता है बेहतर वातावरण का निर्माण : मनोज यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



पदमा प्रखंड अंतर्गत ग्राम सूरजपूरा में चल रहे सात दिवसीय श्री श्री 108 श्री रुद्र महायज्ञ में बीते रात्रि भक्ति जागरण मंच का पुर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से आपसी सौहार्द, भाईचारा व मिल्लत का वातावरण कायम होता है। उन्होंने कहा कि भक्ति जागरण से समाज में बेहतर वातावरण का निर्माण होता है।कहा कि भक्ति में अपारशक्ति है। इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन से मानसिक विकार दूर होता है। साथ ही लोगों में नई ऊर्जा का भी संचार होता है। मौके पर पदमा जिला परिसद सदस्य एवं प्रत्याशी बसंत नारायण मेहता, पदमा जिला परिसद प्रत्याशी नारायण यादव, पदमा प्रखंड युवा मंडल अध्यक्ष उदय मेहता, सुखदेव मेहता, हरिहर महतो, डेगान महतो, अशोक भुइयां, सीताराम साव, विनोद साव, जि. बलाल महतो, मनोज मेहता, संजय मेहता, बासो मेहता, जागेश्वर साव, रामा भुइयां, यज्ञ कमिटी के अध्यक्ष कृष्णदेव मेहता, उपाध्यक्ष पिंटू कुमार, सचिव मनोज कुमार गुप्ता, उपस. चिव कुलदीप रविदास, कोषाध्यक्ष प्रकाश मेहता, उपकोषाध्यक्ष कृष्णा मेहता सहित सैकड़ों श्रद्धालु उप. स्थित थे।

## रानी सती मंदिर में तीन दिवसीय दादी उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा

### कलश यात्रा में आगे आगे महिलाएं राजस्थानी परिधान में स्कूटी चलाते नजर आएंगी

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**रितेश खण्डेलवाल**



हजारीबाग के मालवीय मार्ग स्थित रानी सती मंदिर के 24 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं एवं 25 वर्ष के प्रा. रंभ पर तीन दिवसीय दादी उत्सव मनाया जाएगा। यह उत्सव 18,19 एवं 20 मई को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। 18 मई को मंदिर परिसर से प्रातः 8रू00 भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा में सर्वप्रथम आगे आगे राजस्थानी परिधान में महिलाएं स्कूटी चलाते नजर आएंगी तो वही उसके पीछे दादी का भव्य दरबार होगा। उसके पीछे रानी सती दादी की झांकी प्रस्तुत करते बच्चे नजर आएंगे इसके पीछे महिलाएं कलश लेकर दादी नाम का गुणगान करते नजर आएंगी। यह कलश यात्रा हजारीबाग के विभिन्न चौक चौराहों से गुजरते हुए मंदिर परिसर पहुंच कर संपन्न होगी। 19 मई को प्रातः 9:00 बजे मंदिर परिसर में भव्य मंगल पाठ का आयोजन किया जाएगा जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायक के द्वारा दादी भजनों को प्रस्तुत किया जाएगा। तो वही 20 मई को प्रातः 6:00 दादी जी की पूजा अर्चना की जाएगी वहीं देर शाम भजन कीर्तन के पश्चात भव्य महाआरती के साथ तीन दिवसीय दादी उत्सव संपन्न होगा। मौके पर दादी भक्तों ने कहा कि यह कार्यक्रम ऐतिहासिक रूप से संपन्न होगा। वहीं महिलाएं कार्यक्रम को लेकर अति उत्साहित नज़र आ रही है। कार्यक्रम से पूर्व उन्होंने अपनी महिला मंडलों के साथ तरह-तरह की कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर तैयारी में जुट चुकी हैं।

## एलआईसी कर्मी आईपीओ के खिलाफ 2 घंटे का हड़ताल किया

### एलआईसी का आईपीओ लाना देश और''बीमा धारकों के साथ धोखा है धर्म प्रकाश

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**




एलआईसी का आईपीओ आज सदस्यता के लिए खोला गया। इसके विरोध में अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ के आवाहन पर एलआईसी कर्मी राष्ट्रीय स्तर पर 2 घंटे का व०कआउट हड़ताल किया। हड़ताल की जानकारी देते हुए सचिव धर्म प्रकाश ने कहा कि एलआईसी का आईपीओ लाना देश और बीमा धारकों के साथ धोखा है। 5 सितंबर 1956 को एलआईसी की स्थापना ञ जनता का पैसा जनता का विकास ञ अवधारणा के साथ किया गया पिछले 65 वर्षों में एलआईसी ने इसी अवधारणा के साथ काम करते हुए देश के आधारभूत संरचना के विकास में अभी तक 28 लाख करोड़ का निवेश किया। 5 करोड़ की पूंजी से प्रारंभ होकर एलआईसी ने 65 वर्षों में कुल 39 लाख करोड़ की संपत्ति अर्जित की है । 22 वर्षो के प्रतिस्पर्धा के बाद भी एलआईसी जीवन बीमा उद्योग में 70ः हिस्सेदारी के साथ मार्केट लीडर बना हुआ है। 2 महीना पहले अनुमान लगाया जा रहा था कि एलआईसी का एंबेडेड वैल्यू 10 से 12 लाख करोड़ होगा। लेकिन अभी नवीनतम अनुमान 5,40 लाख करोड़ रुपया आंका गया है। पूर्व में केंद्र सरकार ने एलआईसी के आईपीओ के माध्यम से 65 से 75 हजार करोड रुपए पूंजी बाजार से उगाने का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन अब मात्र 21 हजार करोड़ अर्जित करने की बात कही जा रही है। मात्र 21 हजार करोड़ रु के लिए एलआईसी का आ. ईपीओ लाना देश और बीमा धारकों के साथ धोखा है। हिंदुस्तान के इतिहास में एलआईसी का आईपीओ अब तक का सबसे बड़ा आर्थिक घोटाला साबित होने जा रहा है। राजकोषीय और बजटीय घाटे की भरपाई करने के लिए केंद्र सरकार एलआईसी तथा अन्य सार्वजनिक प्रतिष्ठानों का शेयर बेच रही है, जिसका अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ पुरजोर विरोध करती है। कार्यक्रम में संजय शर्मा, विजय कुमार, अनुराग मुर्मू, राजेश कुमार उपाध्याय, कुमकुम वाला वर्मा, डेनियल मंराडी, श्वेता ,दीपक पासवान, उमानाथ झा,श्वेता कुमारी ,विजय कुमार विनय कुमार, राजेश कुमार, अभय कुमार ,अनिल कुमार वर्मा, रोशन कुमार ,अंजलि श्वेता, अंशु कुमारी सिंघानिया, देवनाथ, सुनील कुमार वर्मा ,पंकज कुमार महेश्वरी वर्मा, नीरज कुमार सिंह नीतीश कुमार गुप्ता ,सुशील कुमार लाकरा, प्रितम कुमार मेहता, संजय कुमार शर्मा, अरविंद कुमार मुरमू ,कुलजीत कुमार रवि, प्रवीण कुमार हसंदा सहित सभी कर्मचारियों ने भाग लिया।

## 158 वार्ड सदस्य निर्विरोध निर्वाचित, बीडीओ ने दिया प्रमाण पत्र

### सबसे ज्यादा पाण्डेयबारा व सबसे कम बच्छई पंचायत से निर्विरोध हुए

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**





प्रखंड के 26 पंचायत से 158 वार्ड सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए है। निर्विरोध निर्वाचित वार्ड सदस्यों को निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ प्रेमचंद कुमार सिन्हा ने बुधवार को ब्ल०क मुख्यालय में निर्वाचित वार्ड सदस्यों को प्रमाण पत्र दिया। सिन्हा ने बताया 26 पंचायत में 324 वार्ड है जिसमें 158 वार्ड से एक एक ही उम्म. ीवारों ने नामांकन कराया था। ऐसे में उक्त लोगों को निर्विरोध चुन लिया गया है। बताया कि सबसे ज्यादा 12 वार्ड सदस्य पाण्डेयबारा से व सबसे कम 1 वार्ड सदस्य बच्छई पंचायत से निर्विरोध निर्वाचित हुए। अन्य पंचायतो में चोरदाहा से 7, दैहर से 9 झापा से 7, दादपुर से 8, चौयकल से 4, यवनपुर से 7, बेला से 5, चौथी से 2, चौपारण से 10, ताजपुर से 5, भगहर से 4, करमा से 6, बहेरा से 8, मानगढ़ से 8, जगदीशपुर से 7, पडरिया से 6, बसरिया से 8, ब्रह्मोरिया से 5, बेलाही से 4 रामपुर से 6, सेलहारा से 3, डेबो से 3 , गोविबदपुर से 6 सिंघरवां पंचायत से 7 वार्ड सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए। बच्छई से निर्विरोध निर्वाचित हुए एक मात्रा वार्ड सदस्य का नाम सोनी देवी पति मोहित राणा है अन्य वार्ड सदस्यों में नारायण सिंह, कुशुम देवी, आरती देवी, उषा देवी, पूनम देवी,शैलेश सिंह, अनिता देवी, माया देवी सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

## दर्दनाक हादसा बिजली तार जोड़ने के क्रम में मिस्त्री की मौत,

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



डेबो पंचायत के रैम्बो करमा में मंगलवार को देर रात बिजली तार जोड़ने के दौरान बिजली मिस्त्री संजय प्रजापति 28 वर्ष की मौत हो गयी। संजय बिजली का सेड ड०न कराकर आंधी तूफान में में टूटकर जमीन पर गिरा तार को जोड़ रहा था, इसी बीच उसमें लाइन आ गयी जिसे संजय पुरी तरह झुलस गया उसकी मौत मौके बारदात हो गयी । मृतक चंदवारा प्रखंड के चोराही गांव का रहने वाला था.जो विधुत विभाग में प्रा. इवेट मिस्त्री रूप में दैनिक मजदुरी पर काम करता था। घटना के बाद आक्रो. शित ग्रामीण बिजली विभाग पर बरसने लगे, ग्रामीण विधुत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगा रहे है। घटना स्थल पर पहुँचे मुखिया उम्मीदवार प्रतिनिधि विजय यादव व मुखिया मोहन साव ने मृतक के आश्रितों को मुआवजा देने की मांग विधुत विभाग से किया है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया । इधर परिजनों ने चौपारण थाना में लिखित आवेदन देकर विधुत विभाग पर जानबूझ कर मारने का आरोप लगाया।

## मोकितउल्लाह बादम मुस्लिम समुदाय के लगातार 12 वी बार सदर चुने गए

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बादम मुस्लिम समुदाय की वार्षिक सदर कमेटी का चुनाव किया गया। जिसमें मोहम्मद मोकितउल्लाह लगातार 12वीं सदर चुने गए।उक्त कार्य ईद के दूसरे दिन मतदान के आधार पर किया गया। चुनाव प्रक्रिया दोपहर 2 बजे से चालु हुआ और शाम 5 खत्म हुआ । चुनाव में कुल 100 वोट पडा जिसमे मोकित उल्लाह 85 मत , अजहर इमाम को 4 मत मिला शेरव अब्दुलाह को 3 मत प्राप्त हुआ । मोि. कतउल्लाह के सदस्य चुने जाने पर लोगों ने बधाई दी जिसमें मुख्य रुप से मुन्ना खान, राजा खान, रियाज अहमद ,जाहीद अकरम ,मो असलम, लालो खान ,रेहान अहमद, मो अफरोज ,जुनैद अहमद ,मो नुर उल्लाह, अजहर मास्टर ,जावेद हुसैन, मो मेराज, रफशन खान, तनवीर आलम ,दुलारे खान, नौशाद आमीर के अलावा कई लोगों ने बधाई दी।

## सड़क दुर्घटना में मयूरहंड़ के युवक की मौत,

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**




जीटी रोड स्थित कमलवार चौक के समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक का मौत हो गया। घटना के सन्देर्भ में बताया जाता है कि कमलवार निवासी नेमन भूईयाँ का रिश्तेदार मयूरहंड प्रखण्ड के खैरा साले निवासी सूरज भुइयाँ पिता रामु भुइयाँ रिश्तेदारी के लिए कमलवार आया हुवा था। घर जाने के दौरान एक ट्रेलर के चपेट में आ गया और घटना स्थल पर ही मौत हो गया। घटना से आक्रोशित ग्रमीणों व परिजनों ने सड़क को जाम कर दिया और उचित मुआवजे का माँग करने लगे। घटना स्थल पर पहुँचे थाना प्रभारी स्वपन कुमार महतो ने आक्रोशित भीड़ को समझा बुझा कर जाम हटाया व कानूनी प्रक्रिया के तहत उचित मुआवजा दिलवाने की बात कही। घटना की सूचना पाकर घटना स्थल पर जिला परिषद उम्मीदवार राजदेव यादव, समाजसेवी अशोक सिंह, आफताब अंसारी, मोईन अंसारी, जुबैर अंसारी, मुसरफ अंसारी, अतहर हुसैन

विक्रम बाइक रिपेयरिंग सेंटर

प्रो० – विक्रम कुमार

हमारे यहां सभी प्रकार का बाइक रिपेयर किया जाता है।




पता : कोइली मोड़, रसोइया धमना | संपर्क सूत्र :- 6200723851

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## विक्की कुमार धान ने मुखिया के लिए नामांकन भरा

**अपेम लाइव : हजारीबाग**

**अमरजीत सिंह**




आज दिनांक 4 मई 2022 श्री विकी कुमार धान ने बेस पंचायत से मुखिया पद के लिए अपना नामांकन पर्चा भरा इस मौके पर सिर्फ बिकी कुमार धान ने कहा मैं एक पढ़ा लिखा युवा हूं और एक साधारण परिवार से आता मैंने अपने छात्र जीवन में शुरू से ही छात्र संघ के माध्यम से लोगों की सेवा की है और मैं फिलहाल वकालत की पढ़ाई कर रहा हूं अगर मैं चाहता तो मैं वकालत में बहुत पैसा कमा सकता था पर आज जैसे झारखंड के स्थिति है उसे देखते हुए हम जैसे युवाओं को राजनीति में आगे आने की जरूरत है और हम इसकी शुरुआत अपने गांव अपने पंचायत से कर सकते हैं इसी दिशा में मैंने युवाओं के सामने एक मिसाल प्रस्तुत करने के लिए मुखिया बनने का फैसला लिया है और मेरा यह संकल्प है कि मैं अपने पंचायत को झारखंड का सर्वश्रेष्ठ पंचायत बना कर दिखाऊंगा मेरे पंचायत के लोगों को कोई भी परेशानी हो तो उस परेशानी को सबसे पहले विकी कुमार धान से टकराना होगा । इस मौके पर विरसा बल्ला, विमल टोप्पो ,पतरस नाग , उमलेन टुटी जोती गाड़ी अनिकेत , मुटर उरांव , अमित एक्का , संदिप टुटी , महाविर उरांव , मनोज उरांव , बबलु टोप्पो , जगेश्वर भुईयां , पानु उरांव , तिला भुइयां , मंगल गंझु सानिक धान , सुरेश भुईयां , राजेश भोक्ता , इरफान खान , निरज यादव , सिरिल मिंज , रधु गंझु , महेंद्र भुइयां , प्रामिला देवी सविता खालको , विक्रम धान , विशाल धान , प्रवेश खालको , सोनू धान राजु प्रजापति महेश धान अमित विशाल धान वीरेंद्र गंझु , सोहबतिया देवी लखमा कुजुर , प्रेम धान , आदि सामिल थे ।।

## बेंगाबाद में श्री बालाजी डेंटल क्लिनिक का उद्घाटन

**अपेम लाइव : गीरिडीह**

**बजरंगी महतो**






बेंगाबाद में मंगलवार को श्री बालाजी मल्टी स्पेशियलिटी डेंटल क्लिनिक का उद्घाटन सामाजिक कार्यकर्ता व आम आदमी पार्टी झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने फीता काटकर किया । मौके पर उन्होंने कहा कि पढ़ लिखकर अपने क्षेत्र के लोगों की सेवा का अवसर मिले ये सबसे बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि दाँत शरीर का मुख्य सुरक्षा कवच है। शरीर को स्वस्थ्य रखने में दाँत अहम रोल निभाते हैं। उन्होंने कहा कि बेंगाबाद में अत्याधुनिक सुविधाओं वाले इस डेंटल क्लीनिक के खुलने से आम लोगों के दाँतों के रोगों का समुचित इलाज किया जा सकेगा। डॉअमित कुमार ने कहा कि अपने क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवा देना ही मुख्य उद्देश्य है। श्री बालाजी डेंटल क्लिनिक में दाँत के पीलेपन, पायरिया, मसूड़ों में सूजन, मसूड़ों से खून आना, दाँत से खून आना, टेढ़े मेढे दाँत का इलाज, बच्चों के दाँत का इलाज, दाँत निकालना, दाँत लगाना, मुँह में छाला, मुँह कम खुलना, मुँह में सफेद दाग, मुँह का केंसर , डिजिटल एक्स-रे, जबड़े का फ्रेक्चर का इलाज किया जाएगा। डॉ अमित ने कहा कि डॉ बनकर अपने क्षेत्र के लोगों की सेवा करें यही उनका सपना था । आज वो सपना साकार हो रहा है । मौके पर लखन राणा, रा. जेंद्र कुमार, फागू शर्मा, दिगम्बर वर्मा, कालेश्वर वर्मा, मुन्ना यादव, नन्द किशोर शर्मा, ललीत शर्मा, सुभाष कुमार शर्मा, भागीरथ शर्मा, नकुल शर्मा, रंजीत शर्मा, अशोक शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे ।

## ईस्ट जोन क्रिकेट खेलने कीनन स्टेडियम रवाना होगी कल टीम

**अपेम लाइव : गीरिडीह**

**बजरंगी महतो**



गिरिडीह से कल ईस्ट जोन क्रिकेट कीनन स्टेडियम रावण होगी। प्राप्त जानकारी अनुसार सीनियर क्रिकेटर राजेश सिन्हा को बनाया गया कप्तान। राजेश सिन्हा ने कहा कि पूर्व रणजी ट्र०फी संतोष तिवारी, पूर्व क्रिकेटर रमेश यादव के प्रयास से यह सफल हो पा रहा है।जमशेदपुर कीनन स्टेडियम में वेट्रेन ईस्ट ज०न क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हो रहा है जिसमे,गिरिडीह, आसनसोल,चाईबासा,घनबाद, जमशेदपुर,उड़ीसा आदि टीम कीनन स्टेडियम पहुँच रही है।,गिरिडीह की क्रिकेट टीम से राजेश सिन्हा, मनीष सिंह,संतोष तिवारी,आलोक रंजन,बबलू शर्मा,प्रबल कंडुलना, रमेश यादव, अमिताभ बोस, रूपेश रजक,अमित रंगराजन,अंजय प्रसाद, राजेश कुमार, उमेश रावत है। पूर्व रणजी क्रिकेटर अविनाश कुमार ने पहल की है कि जो पूर्व प्लेयर थे आज भी उनको फिर से खेल के लिए।

## स्लग-खाद बीज दूकान में लगी आग, दूकान जलकर खाक

**अपेम लाइव : गीरिडीह**

**बजरंगी महतो**



गरिडीह की उपनगरी पचंबा में मंगलवार की देर रात एक दूकान में आग लगने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले की तहकीकात करने अपेम लाइव न्यूज के स्थानीय संवाददाता बजरंगी महतो जब घटना स्थल पर पंहुचा तो दूकान संचालक मनोहर प्रसाद ने बताया कि उसने रोजाना की तरह मंगलवार को रात आठ बजे अपने खाद बीज दूकान कुशवाहा बीज भंडार रानी सती मंदिर रोड को बिजली कनेक्शन का मेन स्विच ऑफ कर अच्छी तरह जांच पड़ताल कर शटर बंद कर अपने निवास स्थान राजपुरा चला गया। रात में करीब नौ बजे मुझे फोन क०ल पर सुचना मिली की मेरी दूकान से धुआं निकल रहा है। सुचना पाकर दूकान पंहुचा तो देखा कि लोगों की भीड़ जमा हो गई है और दूकान से धुआं निकल रहा है। स्थानीय लोगों के सहयोग से जैसे ही शटर खोला दूकान से आग की लपटें उठने लगी। मेरे सहयोगियों ने पचम्बा थाना और अग्निशमन विभाग को सुचना दी। अगि. नशमन दस्ता ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया तब तक दूकान की सारी वस्तुएं जलकर खाक हो चुकी थी। उन्होने यह भी बताया कि आगलगी में करीब पांच लाख का नुकसान हुआ है। आज मैने पचंबा थाना प्रभारी को आवेदन देकर अज्ञात के खिलाफ़ मामला दर्ज कर इंसाफ का गुहार लगाया है। रात्रि में घटना स्थल का जायजा लिया है पचम्बा थाना पुलिस ने और उचित जांच पड़ताल कर दोषियों को चिंहित कर ठोस कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है पचम्बा थाना प्रभारी ने।

